# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में मिलीं नकली दवाइयां; एटा में ड्रग इंस्पेक्टर ने मारा छापा, जखीरा मिला






**एटा:** यूपी के एटा में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर एक साथ हाथरस और अलीगढ़ के ड्रग इंस्पेक्टर ने छापा मारा. इसमें जन औषधि केंद्र से नकली दवाइयां मिली हैं. दो जिलों की संयुक्त टीम की कार्रवाई में कई बोरियां भरकर नकली दवाइयां बरामद हुई हैं.

बताया जा रहा है कि काफी समय से लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने की शिकायत मिल रही थी. जिस पर हाथरस के ड्रग इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा और अलीगढ़ के ड्रग इंस्पेक्टर दीपक लोधी की टीमों ने जन औषधि केंद्र रेड मारी.

एटा जिले के अलीगंज के मेन बाजार में संतोष कुमार गुप्ता का प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालित है. इस मेडिकल स्टोर में जन औषधि दवाइयों के अलावा अन्य दवाएं भी बिक्री की जा रही थीं. इसकी शिकायत लगातार ड्रग विभाग को मिल रही थी, जिस पर सोमवार की शाम को हाथरस और अलीगढ़ के ड्रग इंस्पेक्टर की टीम ने छापा मारा. छापेमारी में जन औषधि केंद्र से कई बोरियां नकली दवाइयां बरामद हुई हैं, बरामद दवाइयों को टीम साथ ले गई.

हाथरस के ड्रग इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा ने बताया कि इस केंद्र पर नकली दवाइयों की बिक्री की लगातार शिकायत मिल रही थी. इनकी सप्लाई आगरा तक बताई जा रही है. छापेमारी में कई जन औषधि के अलावा दूसरी कंपनियों की दवाइयां भी मिली हैं. इन सभी दवाइयों को जब्त कर लिया गया. पहले इनकी जांच कराई जाएगी, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/stock-of-fake-medicines-found-in-jan-aushadhi-kendra-in-etah-complaints-being-received-about-playing-with-peoples-health-uttar-pradesh-news-ups24100707277